

## टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

पंत के नेतृत्व में दिल्ली ने आईपीएल 2021 के पहले चरण में सफलता हासिल की थी और वह फिलहाल आठ मैचों में छह जीत और दो हार के साथ 12 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। टूर्नामेंट के कोरोना के कारण स्थगित होने के बाद अय्यर को चोट से उबरने का समय मिला। 19 सितंबर से शुरू हो रहे आईपीएल 2021 के दूसरे हॉफ से अय्यर करीब छह महीनों के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। दिल्ली अपने अभियान की शुरुआत 22 सितंबर को दुबई में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

## दिल्ली कैपिटल्स का यह फैसला पसंद नहीं आया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने घोषणा की कि आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 19 सितंबर से बहाल हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों में टीम के कप्तान बरकरार रहेंगे। इसका मतलब है श्रेयस अय्यर पंत की कप्तानी में खेलेंगे, जो चोटिल होने से पहले इस टीम के कप्तान थे। उन्होंने टीम को पिछले सीजन में फाइनल तक पहुंचाया था। पंत के कप्तान बनाए रखने के फैसले से एक पूर्व सीनियर क्रिकेटर खुश नहीं हैं। पूर्व क्रिकेटर और कॉमेंट्री में बड़ा नाम बन चुके आकाश चोपड़ा इससे नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स का यह फैसला पसंद नहीं आया। उन्होंने एक चौट में कहा– ऋषभ पंत कप्तान हैं। ठीक है, लेकिन मैं निजी रूप से इस फैसले को पसंद नहीं कर रहा हूं। आपने एक कप्तान नियुक्त किया। दो–तीन वर्षों तक उसके साथ रहे। इस दौरान उसने आपको फाइनल तक पहुंचाया। जब वह (श्रेयस अय्यर) चोटिल हो गया तो आपने स्टैंड अस्थाई तौर पर दूसरे खिलाड़ी को चुना। चूकी अस्थाई कप्तान इंटरनैशनल क्रिकेट में अच्छा कर रहा है तो आपने उसे पूरे सीजन में बनाए रखने का फैसला किया, जबकि श्रेयस अय्यर को इंतजार करने को कहा।

# न्यूजीलैंड ने सुरक्षा खतरा बताकर पाकिस्तान का क्रिकेट दौरा रद किया

क्रिकेट

## 18 साल बाद पाकिस्तान गई न्यूजीलैंड की टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की टीम 18 साल के बाद पाकिस्तान के दौरे पर गई थी, जहां टीम को 3 वनडे और 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलनी थी और इसी वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज यानी 17 सितंबर को रावलपिंडी के पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना था, लेकिन टास से कुछ ही समय पहले इस दौरे को फिलहाल के लिए रद कर दिया गया है। न्यूजीलैंड के पाकिस्तान दौरे के रद होने के पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। न्यूजीलैंड की टीम आखिरी बार पाकिस्तान के दौरे पर साल 2003 में गई थी और अब 18 साल के बाद टीम को पाकिस्तान में खेलना था, लेकिन इस दौरे को रद करना पड़ा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है, पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए लाहौर जाने से पहले, कीवी टीम को आज शाम (17 सितंबर) रावलपिंडी में तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान से खेलना था। हालांकि, पाकिस्तान के लिए न्यूजीलैंड सरकार के खतरे के स्तर में वृद्धि और जमीन पर एनजेडसी सुरक्षा सलाहकारों की सलाह के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड दौरा जारी नहीं रखेगा। अब टीम के प्रस्थान की व्यवस्था की जा रही है। NZC के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि उन्हें जो सलाह मिल रही थी, उसे देखते हुए दौरे को जारी रखना संभव नहीं था। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि यह पीसीबी के लिए एक झटका होगा, जो शानदार मेजबान रहा है,




लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और हमारा मानना है कि इस समय हमारे लिए यही एकमात्र जिम्मेदारी भरा विकल्प है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी बयान जारी किया है और कहा है, आज कुछ ही समय पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने हमें सूचित किया कि उन्हें कुछ सुरक्षा अलर्ट के लिए सतर्क कर दिया गया था और उन्होंने सीरीज को स्थगित करने का फैसला किया है। सभी आने वाली टीमों के लिए पीसीबी और पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। हमने न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड को उसी का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री ने न्यूजीलैंड के प्रधान मंत्री से व्यक्तिगत रूप से बात की और उन्हें सूचित किया कि हमारे पास दुनिया की सबसे अच्छी खुफिया प्रणालियों में से एक है और मेहमान टीम न्यूजीलैंड के लिए यहां कोई सुरक्षा खतरा नहीं है।

# टी20 की कप्तानी से हटाए जाने के डर से विराट कोहली ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के अंदर मची उठापटक भले ही सामने खुलकर दिखाई नहीं देती है लेकिन छन छन कर खबरें जरूर बाहर या जाती है। टीम इंडिया के कप्तान ने टी20 विश्व कप के बाद इस फार्मेट की कप्तानी को छोड़ने की घोषणा की। वैसे यह खबर पहले ही सामने आ चुकी थी कि वह टी20 की कप्तानी छोड़ने वाले हैं। अब उनके इस फैसले के बाद यह बात सामने आई है कि उनको टी20 के कप्तान के पद से वैसे भी बीसीसीआइ हटाने वाली थी।

बीसीसीआइ के एक सूत्र ने बताया, विराट को पता है कि अगर टीम यूएई में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती तो उन्हें सीमित ओवरों

### अब वनडे की कप्तानी भी जाने का खतरा

की कप्तान से हटाया जा सकता था। उन्होंने अपने ऊपर से थोड़ा दबाव कम किया है क्योंकि ऐसा लग रहा है कि वह अपनी शर्तों पर यह काम कर रहा था।

बीसीसीआइ अगर निकट भविष्य में कोहली से 50 ओवर के प्रारूप की कप्तानी भी ले लेता है तो यह हैरानी भरा नहीं होगा। टी–20 विश्व कप में ट्राफी जीतने में नाकाम रहने के बाद कोहली को 50 ओवर में प्रारूप में भी विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में उतरना पड़ सकता है। यह विश्व कप अगर उनका अच्छा नहीं लगा तो फिर उनको कप्तान के पद से हटा दिया जाएगा। इसके बाद से ही यह बात तमाम मीडिया हाउस में फैली की तीनों फार्मेट की कप्तानी करने वाले कोहली से छोटे फार्मेट की कप्तानी ली जा सकती है।

विराट के टी20 विश्व कप के बाद इस फार्मेट की कप्तानी छोड़ने के फैसले के बाद बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के बयान भी अच्छे संकेत नहीं दिए हैं। दोनों में से किसी ने भी उनके 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप को लेकर कुछ नहीं कहा। सूत्र ने आगे बताया, अगर जो आप सौरव और जय के बयान पर ध्यान दें तो दोनों ने ही उनको शुभकामनाएं दी है लेकिन वह 2023 में वनडे विश्व कप टीम की कप्तानी करेंगे या नहीं इस पर एक शब्द भी नहीं कहा। इससे यह साफ हो जाता है कि उनकी वनडे कप्तानी पर भी कोई फैसला लिया जा सकता है।

## रोहित शर्मा को उप-कप्तानी से हटाने के लिए विराट ने दिया था प्रस्ताव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। इस बात वह अपनी बल्लेबाजी नहीं बल्कि किसी और ही वजह से सुर्खियों में हैं। गुरुवार को उन्होंने टी20 टीम की कप्तानी को विश्व कप के बाद छोड़ने का फैसला लिया। इस बात की घोषणा होने से पहले ही उनके कप्तानी छोड़ने की खबर सामने आ चुकी थी। अब एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक विराट कोहली ने चयन समिति के सामने रोहित शर्मा को उप कप्तान के पद से हटाने का प्रस्ताव दिया था।

पीटीआइ के मुताबिक कोहली चयन समिति के पास यह प्रस्ताव लेकर गए थे कि रोहित को वनडे उप कप्तानी से हटा दिया जाए क्योंकि वह 34 साल के हैं। वह चाहते थे कि वनडे टीम की उप कप्तानी लोकेश राहुल को सौंपी जाए जबकि टी–20 प्रारूप में यह जिम्मेदारी पंत निभाएं। सूत्र ने कहा कि बोर्ड को यह पसंद नहीं आया जिसका मानना है कि कोहली असल उत्तराधिकारी नहीं चाहते।

## न्यूज डायरी



### टी20 विश्व कप टीम में चयन नहीं होने का मतलब सबकुछ खत्म होना नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय तेज गेंदबाज मुहम्मद सिराज का चयन टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में नहीं हुआ है। वे इस बात से थोड़े बहुत निराश जरूर हैं, लेकिन उनका ध्यान टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर है। सिराज ने कहा है कि हाल ही में संपन्न हुआ इंग्लैंड दौरा उनके लिए अच्छा अनुभव वाला रहा और वह खुश हैं कि सीरीज के दौरान वह कप्तान विराट कोहली के भरोसे पर खरा उतर सके। सिराज ने लाईस टेस्ट में आठ विकेट चटकाए थे और टीम को 151 रनों जीत दिलाने और 1–0 की बढ़त हासिल कराने में अहम भूमिका निभाई थी। सिराज ने स्पोर्ट्सस्टार से बात करते हुए कहा, इंग्लैंड का दौरा एक शानदार अनुभव था। मुझे खुशी है कि मैं अपने कप्तान विराट भाई, मुख्य कोच रवि शास्त्री, सहयोगी स्टाफ और पूरी टीम का भरोसा कायम कर सका। हालांकि, सिराज अक्टूबर–नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में नहीं चुने जाने से थोड़े निराश हैं।

### पाकिस्तान के लिए न्यूजीलैंड सरकार के खतरे के स्तर में वृद्धि मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के दौरे पर न्यूजीलैंड की टीम 18 साल के बाद गई थी। रावलपिंडी के मैदान पर आज यानी 17 सितंबर को वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खबर लिखे जाने के समय पर खेला जा रहा होता, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस मुकाबले को ही नहीं, बल्कि इस वनडे सीरीज के तीनों मैचों के अलावा पांच मैचों की टी20 सीरीज को भी कैंसिल कर दिया और हवाला दिया है कि उनको पाकिस्तान के लिए न्यूजीलैंड सरकार के खतरे के स्तर में वृद्धि मिली है। इस तरह एक बार फिर सुरक्षा कारणों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को शर्मिंदा होना पड़ा है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। इसी बात की दुहाई पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी दी है। हालांकि, फिलहाल के लिए ये सीरीज कैंसिल हो गई है और कीवी क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को स्वदेश बुलाने का फैसला किया है।

### टी20 टीम का कप्तान रोहित शर्मा तो उपकप्तान कौन?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली के टी–20 वर्ल्ड कप–2021 के बाद कप्तानी छोड़ने के फैसले के साथ ही रोहित शर्मा का भारतीय क्रिकेट टीम का टी–20 कप्तान बनना तय माना जा रहा है। वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य सुनील गावसकर, संदीप पाटिल और दिलीप वेंगसरकर सहित कई दिग्गज इसका समर्थन कर रहे हैं। फैंस भी ऐसी ही राय रखते हैं। ऐसे में एक और सवाल खड़ा हो गया है कि अगर रोहित टीम के कप्तान होंगे तो उपकप्तान कौन बनेगा? रिपोर्ट्स की मानें तो इस दौड़ में ओपनर केएल राहुल सहित 3 खिलाड़ी शामिल हैं। माना जा रहा है कि केएल राहुल और ऋषभ पंत उपकप्तान बनने योग्य हैं, लेकिन इस दौड़ में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम भी शामिल है। बुमराह तीनों फॉर्मेट में टीम के प्रमुख खिलाड़ी हैं और उन्होंने न केवल गेंद से बल्कि अपनी बैटिंग से भी टीम इंडिया को कई मैच जितवाए हैं।

### विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने पर माइकल वॉन का बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने विराट कोहली के टी–20 वर्ल्ड कप–2021 के बाद टी–20 इंटरनैशनल टीम की कप्तानी छोड़ने के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने इसे निस्सवार्थ भावना से लिया गया फैसला बताया है। विराट कोहली ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट करते हुए ऐलान किया था कि वह टी–20 वर्ल्ड कप के बाद 20–20 ओवरों वाले क्रिकेट फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ देंगे। विराट कोहली के इंस्टाग्राम पोस्ट पर वॉन ने लिखा– बहुत अच्छा...! यह बहुत निस्सवार्थ भावना से लिया गया फैसला है और यह फैसला है आपको सभी दबावों से दूर आराम करने की उम्मीद के लिए कुछ अच्छा स्थान देगा।